Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Passport Seva Kendra in Hamirpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

कुँवर पुपेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर)ः मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर (उ.प्र.) में रोजगार के लिए पलायन की गति काफी तेज है। इस हेतु लोग पलायन देश में ही नहीं अपितु विदेश में भी करते हैं। इसके साथ लोगों का विभिन्न कार्यों के लिए विदेश भी आना जाना लगा रहता है। बुंदेलखण्ड की वर्तमान जनसंख्या लगभग 2 करोड़ है और मेरे संसदीय क्षेत्र में पासपोर्ट तथा वीजा के लिए लम्बी दूरी तय करके लखनऊ जाना पड़ता है। जिसके कारण काफी परेशानी होती है और अधिक समय और धन व्यर्थ में बर्बाद होता है। पासपोर्ट और वीजा की व्यवस्था क्षेत्र में उपलब्ध हो जाने से न सिर्फ समय की बचत होगी, अपितु लोगों को पासपोर्ट और वीजा आसानी से प्राप्त हो सकेगे।

अतः मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर (उ.प्र.) के हमीरपुर नगर में पी.ओ.पी.एस.के. योजना के तहत पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने की कृपा करें।